*Think*
IAS...

दृष्टि
*The Vision*

*Think*
Drishti

## उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (UKPSC)

# यू.के.पी.एस.सी. प्रारंभिक परीक्षा
# सामान्य अध्ययन
# प्रैक्टिस पेपर्स



दूरस्थ शिक्षा कार्यक्रम *(Distance Learning Programme)*

Code: UKPM07

# उत्तराखंड लोक सेवा आयोग (UKPSC)

# सामान्य अध्ययन
## (प्रारंभिक परीक्षा)
# प्रैक्टिस पेपर्स

**यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक) परीक्षा के सामान्य अध्ययन (पेपर-1) पर आधारित 7 प्रैक्टिस पेपर्स (उत्तर व्याख्या सहित)**

दृष्टि The Vision
641, प्रथम तल, डॉ. मुखर्जी नगर, दिल्ली-110009
दूरभाष : 011-47532596, 87501 87501
टोल फ्री : 1800-121-6260
**Web :** www.drishtiIAS.com
**E-mail :** online@groupdrishti.com

पाठ्यक्रम, नोट्स तथा बैच संबंधी updates निरंतर पाने के लिये निम्नलिखित पेज को "like" करें
www.facebook.com/drishtithevisionfoundation
www.twitter.com/drishtiias

UKPSC DLP

# विषय सूची (Contents)


| | |
|---|---|
| प्रैक्टिस पेपर–1 | 5–27 |
| प्रैक्टिस पेपर–2 | 28–48 |
| प्रैक्टिस पेपर–3 | 49–70 |
| प्रैक्टिस पेपर–4 | 71–91 |
| प्रैक्टिस पेपर–5 | 92–110 |
| प्रैक्टिस पेपर–6 | 111–125 |
| प्रैक्टिस पेपर–7 | 126–143 |

**प्रैक्टिस पेपर 1**

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)
# सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. निम्नलिखित पर विचार करें–
   (1) बी.जी. तिलक : पूना सार्वजनिक सभा के संथापक
   (2) मदन मोहन मालवीय : बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के संस्थापक
   उपरोक्त कथनों में कौन-सा/से सही है/हैं-
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2
2. ब्रिटिश भारत के संदर्भ में होम चार्जेस में सम्मिलित था/थे–
   (1) भारत में ब्रिटिश अधिकारियों को दिये जाने वाले वेतन एवं भत्ते।
   (2) भारत से बाहर अंग्रेज़ों द्वारा लड़े जाने वाले युद्धों का खर्च।
   सही कथन का चुनाव करें–
   (a) केवल 1 सही (b) केवल 2 सही
   (c) दोनों 1 व 2 (d) न तो 1 न ही 2
3. साइमन कमीशन के संदर्भ में सही है–
   (a) इसने प्रांतों में द्वैध शासन समाप्त करने की सिफारिश की।
   (b) गृह विभाग के अंतर्गत अंतर-प्रांतीय परिषद का गठन करना।
   (c) केंद्र में द्विसदनीय विधायिका को समाप्त करने की सिफारिश करना।
   (d) उपरोक्त में से कोई नहीं
4. भारत के स्वतंत्रता आंदोलन के इतिहास में 16 अक्टूबर, 1905 को याद किया जाता है–
   (a) स्वदेशी आंदोलन का औपचारिक उद्घोष कलकत्ता के टाउन हॉल में किया गया।
   (b) बंगाल का विभाजन हुआ।
   (c) दादाभाई नौरोजी ने स्वराज को कॉन्ग्रेस का लक्ष्य घोषित किया।
   (d) इनमें से कोई नहीं।
5. क्रिप्स प्रस्ताव में सम्मिलित था–
   (1) भारत को पूर्ण स्वाधीनता देना।
   (2) संविधान निर्मात्री सभा का गठन करना।
   सही कथन/कथनों की पहचान करें–
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 न ही 2
6. गणेश प्रयाग (पुराना टिहरी) किन दो नदियों के संगम पर स्थित है?
   (a) अलकनंदा एवं भागीरथी
   (b) अलकनंदा एवं धौली गंगा
   (c) अलकनंदा एवं लक्ष्मणगंगा
   (d) भागीरथी व भिलंगना
7. 2011 की जनगणना के अनुसार सर्वाधिक साक्षरता दर वाला जनपद है–
   (a) नैनीताल (b) चमोली
   (c) देहरादून (d) उत्तरकाशी
8. गढ़वाल के इतिहास में 'कर्णवती रानी' किस नाम से विख्यात थीं?
   (a) जियाराणी (b) सरला बहन
   (c) नक्कटी राणी (d) दुर्गावती
9. कालसी (देहरादून) स्थित अशोककालीन शिलालेख की भाषा है–
   (a) गढ़वाली (b) पालि
   (c) संस्कृत (d) उर्दू
10. गढ़वाल सर्वदलित परिषद का गठन जयानंद भारती द्वारा कब किया गया था?
    (a) 1920 (b) 1925
    (c) 1928 (d) 1930
11. निम्नलिखित में से 'न्याय दर्शन' किनके द्वारा लिखा गया?
    (a) कणाद (b) विश्वामित्र
    (c) कपिल (d) गौतम
12. पुराणों के अनुसार, चंद्रवंशीय शासकों का मूल स्थान था–
    (a) मगध (b) प्रतिष्ठानपुर
    (c) काशी (d) श्रावस्ती
13. इंडियन स्टैंडर्ड टाइम (I.S.T.) तथा ग्रीनविच मीन टाइम (G.M.T.) में कितने समय का अंतर होता है?
    (a) 5 घंटे 30 मिनट (b) 5 घंटे 20 मिनट
    (c) 5 घंटे 50 मिनट (d) 5 घंटे 10 मिनट

146. अरुणा आसफ अली संबद्ध थीं–
(a) सविनय अवज्ञा आंदोलन से
(b) भारत छोड़ो आंदोलन से
(c) असहयोग आंदोलन से
(d) स्वदेशी आंदोलन से

147. रोलेट एक्ट क्यों प्रसिद्ध हुआ?
(a) इसने धर्म की स्वतंत्रता को बाधित किया
(b) भारतीय पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को अवरुद्ध किया
(c) इसने सरकार को बिना मुकदमा गिरफ्तारी का अधिकार दिया।
(d) भारत में व्यापारिक यूनियनों को प्रतिबंधित किया

148. कलकत्ता में हिंदू कॉलेज के संस्थापक थे–
(a) डेरीजियो
(b) ईश्वरचंद विद्यासागर
(c) केशव चंद्र सेन
(d) राजा राममोहन राय

149. गांधी जी के निम्नलिखित आंदोलनों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित कीजिये–
(1) चंपारन सत्याग्रह (2) बारदोली
(3) अहमदाबाद (4) असहयोग आंदोलन

कूट:

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 1 | 3 | 2 | 4 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 4 | 3 | 2 |

150. सुमेलित कीजिये–

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (A) लॉर्ड डलहौजी | (1) पहली तार लाइन विछाई गई |
| (B) विलियम बैंटिक | (2) पुलिस प्रशासन का जनक |
| (C) लॉर्ड कर्जन | (3) भारतीय पुरातत्त्व सर्वेक्षण का गठन |
| (D) लॉर्ड कार्नवालिस | (4) सती प्रथा का उन्मूलन |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 4 | 2 | 3 |
| (b) | 1 | 4 | 3 | 2 |
| (c) | 1 | 3 | 4 | 2 |
| (d) | 1 | 2 | 3 | 4 |

## उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (b) | 2. (c) | 3. (a) | 4. (b) | 5. (b) | 6. (d) | 7. (c) | 8. (c) | 9. (b) | 10. (c) |
| 11. (d) | 12. (b) | 13. (a) | 14. (b) | 15. (d) | 16. (c) | 17. (c) | 18. (d) | 19. (c) | 20. (c) |
| 21. (a) | 22. (c) | 23. (b) | 24. (c) | 25. (b) | 26. (b) | 27. (c) | 28. (d) | 29. (d) | 30. (c) |
| 31. (a) | 32. (c) | 33. (a) | 34. (c) | 35. (d) | 36. (c) | 37. (a) | 38. (d) | 39. (b) | 40. (c) |
| 41. (d) | 42. (b) | 43. (c) | 44. (a) | 45. (c) | 46. (d) | 47. (b) | 48. (d) | 49. (c) | 50. (b) |
| 51. (c) | 52. (d) | 53. (c) | 54. (c) | 55. (d) | 56. (a) | 57. (b) | 58. (c) | 59. (d) | 60. (b) |
| 61. (b) | 62. (c) | 63. (c) | 64. (a) | 65. (b) | 66. (c) | 67. (b) | 68. (d) | 69. (a) | 70. (c) |
| 71. (d) | 72. (a) | 73. (d) | 74. (a) | 75. (b) | 76. (d) | 77. (d) | 78. (b) | 79. (c) | 80. (c) |
| 81. (d) | 82. (c) | 83. (c) | 84. (b) | 85. (a) | 86. (b) | 87. (d) | 88. (b) | 89. (a) | 90. (d) |
| 91. (d) | 92. (b) | 93. (c) | 94. (a) | 95. (b) | 96. (a) | 97. (c) | 98. (c) | 99. (d) | 100. (d) |
| 101. (c) | 102. (b) | 103. (c) | 104. (c) | 105. (a) | 106. (d) | 107. (a) | 108. (c) | 109. (d) | 110. (c) |
| 111. (c) | 112. (b) | 113. (b) | 114. (d) | 115. (c) | 116. (b) | 117. (d) | 118. (c) | 119. (c) | 120. (d) |
| 121. (a) | 122. (d) | 123. (d) | 124. (d) | 125. (d) | 126. (d) | 127. (d) | 128. (c) | 129. (c) | 130. (b) |
| 131. (a) | 132. (c) | 133. (a) | 134. (c) | 135. (a) | 136. (c) | 137. (b) | 138. (a) | 139. (b) | 140. (b) |
| 141. (d) | 142. (a) | 143. (a) | 144. (d) | 145. (a) | 146. (b) | 147. (c) | 148. (d) | 149. (c) | 150. (b) |

## व्याख्या

1. पूना सार्वजनिक सभा की स्थापना 1870 में गणेश वासुदेव जोशी, एस.एच चिपुलकर और एम.जी. रानाडे द्वारा की गई। बी.जी. तिलक भी इस संस्था से जुड़े थे। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की स्थापना में पं. मदन मोहन मालवीय का महत्त्वपूर्ण योगदान था। उन्होंने इसकी स्थापना 1916 में की।
2. होम चार्जेस में निम्नलिखित सम्मिलित थे-
   (1) इंग्लैंड में सार्वजनिक ऋणों पर दिये जाने वाला ब्याज
   (2) भारत के मंत्री द्वारा भारत संबंधी मामलों पर किया गया खर्च।
   (3) सेना का खर्च।
   (4) ब्रिटिश अधिकारियों द्वारा यूरोप को भेजी गई प्रेषणाएँ। ब्रिटिश सेवानिवृत्त अधिकारियों के पेंशन आदि जो भारत में सेवारत रहे।
3. 1919 के मोंटेग्यू चेम्सफोर्ड सुधारों की समीक्षा के लिये साइमन कमीशन का गठन किया गया था। परंतु इस कमीशन में कोई भी भारतीय सदस्य नहीं था इसी कारण इसका देशव्यापी विरोध हुआ। कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में सिफारिश की कि प्रांतों में द्वैध शासन समाप्त कर एक उत्तरदायी सरकार की स्थापना की जाए। कमीशन की रिपोर्ट के विरोध में मोतीलाल नेहरू ने नेहरू रिपोर्ट 1928 में प्रस्तुत की।
4. 16 अक्टूबर 1905 को बंगाल का विभाजन प्रभावी हुआ। इस दिन को आंदोलनकारियों ने काला दिवस (शोक) के रूप में मनाया। लोगों ने हिंदू-मुस्लिम एकता की कसमें खाईं तथा एक-दूसरे की कलाइयों पर राखी बांधी। इसी दौरान रवींद्रनाथ टैगोर ने प्रसिद्ध बंगाली गीत 'आमार सोनार बांग्ला' की रचना की। कलकत्ता की सड़कें वंदेमातरम् की आवाजों से गूँज गईं।
   बंगाल विभाजन की योजना तत्कालीन वायसराय लॉर्ड कर्जन ने तैयार की थी।
5. द्वितीय विश्वयुद्ध में भारतीयों का सहयोग प्राप्त करने के उद्देश्य से एक कैबिनेट मंत्री सर स्टैफॉर्ड क्रिप्स के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 1942 में भारत आया। क्रिप्स मिशन ने यह घोषित किया कि ब्रिटिश नीति का उद्देश्य जल्द-से-जल्द भारत में स्वशासन की स्थापना है परंतु यह मांग मानने से इनकार कर दिया कि वास्तविक शक्ति तत्काल भारतीयों को सौंपी जाए। इसीलिये कॉन्ग्रेस के साथ लंबी बातचीत टूट गई। क्रिप्स मिशन की असफलता ने भारत छोड़ो आंदोलन का मार्ग प्रशस्त किया।
6. गणेश-प्रयाग अर्थात् पुराना टिहरी शहर, जो कि अब डैम में डूब चुका है, में भागीरथी से भिलंगना नदी मिलती है। भिलंगना खतलिंग गलेशियर से निकलती है। भागीरथी नदी उत्तरकाशी ज़िले में गंगोत्री हिमनद के गोमुख नामक स्थान से निकलती है।
7. जनगणना 2011 के आँकड़ों के अनुसार उत्तराखंड की औसत साक्षरता दर 78.82% है, जिसमें देहरादून जनपद सर्वाधिक साक्षरता दर 84.25% के साथ प्रथम स्थान पर है। द्वितीय व तृतीय स्थान पर क्रमशः नैनीताल तथा चमोली हैं।
8. जुलाई 1531 में अलमोड़ा युद्ध में महाराज महीपति शाह की मृत्यु हो जाने के बाद उनकी पत्नी कर्णावती ने शासन संभाला। उन्होंने मुसलमान सेनानायक दोस्त बेग मुगल के परामर्श पर अपनी आज्ञा का उल्लंघन करने वालों की नाक कटवा देने की प्रथा शुरू की। इसलिये इतिहास में इनको 'नक्कटी राणी' के नाम से भी जाना जाता है।
9. अशोक ने एक अभिलेख अपने राज्य की उत्तरी सीमा पर ई.पू. 257 में कालसी (देहरादून के उत्तर टौंस और यमुना के संगम पर) में स्थापित कराया था। पालि भाषा में लिखित इस अभिलेख में घोषणा है, कि उसने (अशोक) राज्य में हर स्थान पर मनुष्यों एवं पशुओं की चिकित्सा की व्यवस्था कर दी है। इसमें लोगों से हिंसा को त्यागने तथा अहिंसा को अपनाने की बात भी कही गई है।
10. गढ़वाल सर्वदलित परिषद का गठन जयानंद भारती द्वारा 1928 ई. में किया गया था।
11. 'न्याय दर्शन' के रचयिता महर्षि अक्षपद गौतम हैं। यह मत तर्क एवं विश्लेषण पर आधारित है। इसके अनुसार तर्क पर आधारित विचार से ही मोक्ष संभव है। उन्होंने ज्ञान के चार स्रोत - प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान तथा शब्द आदि बताए हैं। ये ईश्वर की चर्चा नहीं करते हैं। न्याय दर्शन का प्रमुख ग्रंथ 'गौतम का न्यायसूत्र' है। इस दर्शन का पूर्ण विकास 1200 ई. के आस-पास हुआ है।

प्रैक्टिस पेपर **2**

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. सुमेलित कीजिये–

| क्रांतिकारी | | राज्य |
|---|---|---|
| (A) चापेकर बंधु | 1. | बंगाल |
| (B) प्रफुल्ल चाकी | 2. | पंजाब |
| (C) अजीत सिंह | 3. | महाराष्ट्र |
| (D) चंद्रशेखर आज़ाद | 4. | उत्तर प्रदेश |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 4 | 1 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 3 | 2 | 1 | 4 |

2. जलियाँवाला बाग हत्याकांड हुआ–
(a) 13 अप्रैल, 1920 (b) 13 अप्रैल, 1919
(c) 14 अप्रैल, 1920 (d) 14 अप्रैल, 1919

3. सुमेलित युग्म की पहचान कीजिये–
(a) मौलाना आज़ाद – अल-बिलाल
(b) एनी बेसेंट – यंग इंडिया
(c) अली बंधु – कॉमनवील
(d) महात्मा गांधी – कॉमरेड

4. चटगाँव शास्त्रागार लूट से संबंधित थे–
(a) राजेंद्र लाहिड़ी
(b) भगत सिंह
(c) अशफ़ाक उल्ला खाँ
(d) सूर्य सेन

5. ब्रिटिश भारत के निम्नलिखित गवर्नरों तथा वायसरायों का कालक्रम अनुसार कौन-सा सही अनुक्रम है?
(a) वॉरेन हेस्टिंग्स, चार्ल्स मेटकॉफ, विलियम बेंटिक
(b) वॉरेन हेस्टिंग्स, लॉर्ड कैनिंग, लॉर्ड डलहौजी
(c) क्लाइव, वारेन हेस्टिंग्स, लॉर्ड कॉर्नवालिस
(d) माउंटबेटन, लॉर्ड वेवल, लॉर्ड कर्जन

6. 'फिलॉसफी ऑफ द बॉम्ब' नामक दस्तावेज़ जारी किया–
(a) भगत सिंह ने
(b) भगवती चरण वोहरा ने
(c) सचिंद्रनाथ सान्याल ने
(d) चंद्रशेखर आज़ाद ने

7. किस अधिनियम द्वारा मुसलमानों के लिये पृथक निर्वाचन मंडल का उपबंध किया गया?
(a) 1909 का मार्ले मिंटो सुधार
(b) 1919 का भारत सरकार अधिनियम
(c) 1935 का भारत सरकार अधिनियम
(d) 1892 का इंडियन काउंसिल अधिनियम

8. साइमन कमीशन का विरोध हुआ, क्योंकि–
(a) इसका अध्ययक्ष एक अंग्रेज़ था
(b) भारतीयों को इस आयोग पर विश्वास नहीं था
(c) कॉन्ग्रेस ने इसका विरोध किया था
(d) इसमें कोई भी सदस्य भारतीय नहीं था

9. मुस्लिम लीग के किस अधिवेशन में पृथक पाकिस्तान की मांग का प्रस्ताव पारित हुआ?
(a) लाहौर (b) इस्लामाबाद
(c) कराची (d) इनमें से कोई नहीं

10. भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान सतारा में गठित समानांतर सरकार का नेतृत्वकर्त्ता थे–
(a) नाना साहिब (b) चित्तू पांडे
(c) नाना पाटिल (d) देशमुख पांडे

11. प्राय: चर्चा में रहने वाली चतुर्भुजीय सुरक्षा वार्ता (Quadrilateral Security Dialogue) किन देशों के मध्य संपन्न हुआ?
(a) भारत, जापान, दक्षिण कोरिया, अमेरिका
(b) भारत, जापान, फिलीपींस, अमेरिका
(c) भारत, जापान, आस्ट्रेलिया, अमेरिका
(d) ऐसी कोई वार्ता कभी हुई ही नहीं

12. एशेज नामक टेस्ट क्रिकेट सिरीज- 2017 खेली गई–
(a) इंग्लैंड और दक्षिण अफ्रीका के बीच
(b) इंग्लैंड और आस्ट्रेलिया के बीच
(c) भारत और आस्ट्रेलिया के बीच
(d) दक्षिण अफ्रीका और आस्ट्रेलिया के बीच

13. इनमें से कौन मिस वर्ल्ड- 2017 चुनी गईं–
(a) पंजाब की मन्नत सिंह
(b) दिल्ली की मायरा चौधरी
(c) हरियाणा की मानुसी छिल्लर
(d) कर्नाटक की स्वाती मुप्पला

प्रैक्टिस पेपर 3

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. सेंडाई फ्रेमवर्क के संबंध में गलत कथन की पहचान कीजिये–
   1. सेंडाई जापान का एक शहर है।
   2. यह फ्रेमवर्क आपदा प्रबंधन से संबंधित है।
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 एवं 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
2. ट्यूरिल जलविद्युत ऊर्जा परियोजना स्थित है–
   (a) मेघालय (b) मिज़ोरम
   (c) त्रिपुरा (d) असम
3. भारतमाला परियोजना संबंधित है–
   (a) राजमार्ग परियोजना (b) बंदरगाहों का विकास
   (c) तीर्थयात्रा (d) औद्योगिक कोरिडोर
4. निम्नलिखित में डिजिटल करेंसी नहीं है–
   (a) बिटकॉइन (b) लाइटकॉइन
   (c) एथरियम (d) एरीथियम
5. कॉकलियर इम्प्लांट है–
   (a) दिव्यांगजनों की सहायता के लिये इलेक्ट्रॉनिक उपकरण
   (b) एक विद्युत परियोजना
   (c) दुर्घटना पीड़ितों के लिये एक परियोजना
   (d) इनमें से कोई नहीं
6. यूनेस्को के श्रेणी-2 केंद्र की स्थापना की जा रही है–
   (a) हैदराबाद (b) मनाली
   (c) नैनीताल (d) जम्मू
7. VOLTE सेवा संबंधित है–
   (a) दूरसंचार से (b) कंप्यूटर नेटवर्क से
   (c) अंतरिक्ष विज्ञान से (d) रक्षा विज्ञान से
8. WTO की 11वीं मंत्रिस्तरीय वार्ता बैठक संपन्न हुई है–
   (a) नैरोबी में (b) शंघाई में
   (c) बीजिंग में (d) ब्यूनस आयर्स में
9. महिला हॉकी एशिया कप, 2017 का विजेता है–
   (a) भूटान (b) भारत
   (c) चीन (d) दक्षिण कोरिया
10. ASBC एशियन महिला मुक्केबाजी चैंपियनशिप, 2017 जीती–
    (a) एम.सी. मैरीकॉम (b) किम ह्यांग मि
    (c) पी.वी. सिंधू (d) इनमें से कोई नहीं।
11. क्रिकेट के अंडर-19 एशिया कप-2017 का आयोजन हुआ–
    (a) अफगानिस्तान (b) श्रीलंका
    (c) बांग्लादेश (d) कुआलालम्पुर, मलेशिया
12. 82वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप-2017 का आयोजन हुआ–
    (a) नासिक (b) भोपाल
    (c) नागपुर (d) इनमें से कोई नहीं।
13. स्मार्ट-इंडिया हैकथॉन संबंधित है–
    (a) उच्च शिक्षा में नवाचार के लिये
    (b) डिजिटल भारत अभियान को प्रोत्साहन देने से
    (c) इंजीनियरिंग में नवाचार से
    (d) इनमें से कोई नहीं
14. वैश्विक नवाचार सूचकांक जारी किया जाता है–
    (a) WTO द्वारा
    (b) WIPO और कॉर्नेल विश्वविद्यालय द्वारा
    (c) विश्व बैंक द्वारा
    (d) आई एम एफ द्वारा
15. सुमेलित कीजिये–

| **युद्ध अभ्यास** | **संबंधित देश** |
|---|---|
| A. अल नगाह | 1. भारत-बांग्लादेश |
| B. सम्प्रीति | 2. भारत-अमेरिका |
| C. सूर्य किरण | 3. भारत-ओमान |
| D. अजेय वारियर | 4. भारत-नेपाल |

कूट:

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 1 | 4 | 2 |
| (c) | 3 | 1 | 2 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

प्रैक्टिस पेपर **4**

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)
# सामान्य अध्ययन (प्रथम पशनपत्र)

1. राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति, 2017 के संबंध में गलत कथन की पहचान कीजिये–
   (a) इसका लक्ष्य सार्वजनिक स्वास्थ्य कार्य को जीडीपी के 2.5 प्रतिशत तक बढ़ाना है।
   (b) सभी के लिये उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवा का लक्ष्य
   (c) रोगों केंद्रित दृष्टिकोण अपनाना
   (d) सार्वजनिक स्वास्थ्य व्यय को 2022 तक जीडीपी के 6% तक बढ़ाना

2. एचआईवी और एड्स अधिनियम, 2017 ध्यान केंद्रित करता है–
   (a) 2022 तक इस महामारी को समाप्त करना
   (b) 2025 तक इस महामारी को समाप्त करना
   (c) 2030 तक इस महामारी को समाप्त करना
   (d) इनमें से कोई नहीं

3. एम.एस.एम.ई का संबंध है–
   (a) सूक्ष्म लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया एक खरीद पोर्टल
   (b) ग्राहकों को सुविधा देने वाला एक ऑनलाइन मंच
   (c) मेक इन इंडिया को बढ़ावा देने के लिये एक बाजार
   (d) इनमें से कोई नहीं

4. राष्ट्रीय प्रतीक सम्मान अधिनियम में निम्नलिखित को संरक्षित किया गया है–
   (a) राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय प्रतीक व राष्ट्र गान
   (b) राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्रीय गीत व राष्ट्र गान
   (c) राष्ट्रीय ध्वज व राष्ट्रीय गीत
   (d) राष्ट्रीय ध्वज, राष्ट्र गान व संविधान

5. नमामि गंगे परियोजना के लिये नोडल मंत्रालय है–
   (a) जल संसाधन मंत्रालय
   (b) पर्यावरण मंत्रालय
   (c) जहाजरानी मंत्रालय
   (d) ग्रामीण विकास मंत्रालय

6. निम्नलिखित में लघु वनोत्पाद के रूप में श्रेणीकृत हैं–
   (a) लकड़ी (b) बाँस
   (c) केले के पत्ते (d) हाथी दाँत

7. निम्नलिखित में आसियान के सदस्य देश हैं–
   (1) ब्रुनेई
   (2) पूर्वी तिमोर
   (3) लाओस
   कूटः
   (a) 1 और 2 (b) 1 और 3
   (c) 2 और 3 (d) इनमें से कोई नहीं

8. अंतर्राष्ट्रीय न्यायिक न्यायालय (ICJ) का मुख्यालय कहाँ स्थित है?
   (a) जेनेवा (b) पेरिस
   (c) द हेग (d) इनमें से कोई नहीं

9. इनमें से कौन-सा बाघ अभयारण्य अरुणाचल प्रदेश में स्थित है?
   (a) ओरंग (b) कामलांग
   (c) जिम कॉर्बेट (d) इनमें से कोई नहीं

10. मधुकर गुप्ता समिति का संबंध है–
    (a) कर आधार बढ़ाने से
    (b) जंगल में आग की रोकथाम
    (c) सीमा सुरक्षा से
    (d) इनमें से कोई नहीं

11. 'रोवुमा (Rovuma) गैस फील्ड' जिसे ओ.एन.जी.सी. विदेश लि. द्वारा विकसित किया जाना है, स्थित है–
    (a) रूस (b) सोमालिया
    (c) मोजांबिक (d) वेनेजुएला

12. पीस क्लॉज का संबंध है–
    (a) अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से
    (b) विश्व व्यापार संगठन से
    (c) विश्व बैंक से
    (d) इनमें से कोई नहीं

13. एशियाई विकास बैंक है–
    (a) एक बहुराष्ट्रीय बैंक
    (b) एक अंतर्राष्ट्रीय बैंक
    (c) एक बहुपक्षीय वित्तीय संस्था
    (d) इनमें से कोई नहीं

प्रैक्टिस पेपर 5

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा) सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम की शुरुआत की गई थी–
   (a) 2015 (b) 2016
   (c) 1985 (d) 1995
2. आई.पी.वी. है–
   (a) एक वैक्सीन
   (b) एक कंप्यूटर प्रोटोकाल
   (c) एक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी
   (d) इनमें से कोई नहीं
3. जापानी इंसेफेलाइटिस रोग का कारण है–
   (a) जीवाणु (b) कवक
   (c) विषाणु (d) इनमें से कोई नहीं
4. हाल ही में वन प्लेनेट समिट का आयोजन कहाँ किया गया?
   (a) ब्यूनस आयर्स (b) पेरिस
   (c) जेनेवा (d) द हेग
5. दंबूर झील स्थित है–
   (a) पश्चिम बंगाल (b) मिज़ोरम
   (c) सिक्किम (d) त्रिपुरा
6. सृष्टि (SRISTI) योजना का संबंध है–
   (a) सबके लिये आवास (b) सौर ऊर्जा
   (c) सतत् विकास (d) डिजिटल इंडिया
7. निम्नलिखित कथनों में से सही कथन/कथनों की पहचान कीजिये–
   1. शी-बॉक्स (SHE-Box) नामक ऑनलाइन शिकायत पोर्टल गृह मंत्रालय द्वारा शुरू किया गया है।
   2. यह पोर्टल घरेलू हिंसा अधिनियम, 2005 के प्रभावी कार्यान्वयन में सहायक होगा।

   कूट:
   (a) केवल 1 (b) केवल 2
   (c) 1 और 2 दोनों (d) न तो 1 और न ही 2
8. यूनेस्को की अमूर्त सांस्कृतिक विरासत की सूची में शामिल नहीं है–
   (a) संकीर्तन (b) योग
   (c) कुंभ मेला (d) नमाज
9. साइकॉन (SAICON) है–
   (a) एक ग्रह
   (b) एक सौर मंडल
   (c) एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन
   (d) इनमें से कोई नहीं
10. अंतर्राष्ट्रीय गैस संघ का सचिवालय स्थित है–
    (a) ओस्लो (b) जिनेवा
    (c) पेरिस (d) मैड्रिड
11. विश्व में द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (LNG) के सबसे बड़े आयातक और निर्यातक देश हैं–
    (a) कतर, जापान
    (b) जापान, कतर
    (c) दक्षिण कोरिया, ऑस्ट्रेलिया
    (d) कतर, भारत
12. निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?
    (a) नासा – यू.एस.ए.
    (b) जाकसा (Jaxa) – जापान
    (c) रोसकोसमोस – रूसी संघ
    (d) यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी – यू.के.
13. निम्नलिखित में से कौन सुमेलित नहीं है?
    (a) हॉर्नबिल महोत्सव – नागालैंड
    (b) संगई महोत्सव – मणिपुर
    (c) फ्लेमिंगो महोत्सव – असम
    (d) सभी सुमेलित हैं
14. विश्व पर्यटन संगठन के विश्व सम्मेलन का द्वितीय संस्करण आयोजित किया गया–
    (a) ओमान में (b) भारत में
    (c) दक्षिण कोरिया में (d) ऑस्ट्रेलिया में
15. संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2017 को घोषित किया गया–
    (a) सतत् पर्यटन का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष
    (b) विकास का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष
    (c) जैव-विविधता का अंतर्राष्ट्रीय वर्ष
    (d) इनमें से कोई नहीं।

प्रैक्टिस पेपर **6**

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. गुरुत्वाकर्षण के सार्वभौमिक नियम का प्रतिपादन किसने किया?
   (a) कॉपरनिकस (b) न्यूटन
   (c) गैलीलियो (d) आइंस्टीन
2. एक व्यक्ति एक संवेदनशील तराजू पर खड़ा है। यदि वह गहरी सांस अंदर लेता है तो तराजू की रीडिंग पर क्या प्रभाव पड़ेगा?
   (a) घटेगी
   (b) बढ़ेगी
   (c) रीडिंग पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा
   (d) पहले बढ़ेगी फिर घटेगी
3. दूध का सापेक्षिक घनत्व किसके द्वारा ज्ञात किया जाता है?
   (a) लैक्टोमीटर (b) व्यूटिरोमीटर
   (c) थर्मामीटर (d) हाइग्रोमीटर
4. वर्षा की बूंदे गोलाकार किस कारण से होती है?
   (a) वायुमंडलीय दाब (b) पृष्ठ तनाव
   (c) द्रव का घनत्व (d) गुरुत्वाकर्षण के कारण
5. कथन (A): लोहे का एक गोला पारद पर तैरता है किंतु पानी में डूब जाता है।
   कथन (B): लोहे का आपेक्षित घनत्व पारद के आपेक्षित घनत्व से अधिक होता है।
   कूट:
   (a) A सही है, लेकिन R गलत है
   (b) A गलत है, लेकिन R सही है
   (c) A और R दोनों सही है, और R, A का सही स्पष्टीकरण है
   (d) A और R दोनों सही है, और R, A का सही स्पष्टीकरण नहीं है
6. विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार एक नगर के लिये सुरक्षित ध्वनि प्रदूषण स्तर कितना होता है?
   (a) 45 db (b) 50 db
   (c) 55 db (d) 60 db
7. निम्नलिखित में से कौन-सा www का विस्तृत रूप है?
   (a) वल्ड वाइड वेब (b) वर्ल्ड वेब वाइड
   (c) वाइड वर्ल्ड वेब (d) इनमें से कोई नहीं
8. निम्नलिखित में से कौन-सा सूचना प्रौद्योगिकी की शब्दावली का भाग है?
   (a) प्रोटोकॉल (b) लॉगिन
   (c) आर्ची (d) उपर्युक्त सभी
9. मोती मुख्य रूप से बना होता है–
   (a) कैल्शियम कार्बोनेट (b) कैल्शियम आक्जेलेट
   (c) कैल्शियम (d) कैल्शियम आक्साइड
10. अश्रु गैस है–
    (a) क्लोरीन (b) साइनोकार्बन
    (c) हाइड्रोजन सल्फाइड (d) हाइड्रोजन कार्बाइड
11. निम्नलिखित में से कौन एक जैविक उर्वरक है?
    (a) यूरिया (b) 2, 4-D
    (c) स्ट्रेप्टोसायक्लीन (d) एजोला
12. निम्नलिखित में से किसमें लिंग गुणसूत्र नहीं होते?
    (a) छिपकली (b) चीता
    (c) घोड़ा (d) तितली
13. एक स्वस्थ वयस्क मनुष्य में रक्त की कुल मात्रा कितनी होती है?
    (a) 3-4 लीटर (b) 8-10 लीटर
    (c) 5-6 लीटर (d) 10-12 लीटर
14. जब एक व्यक्ति वृद्ध होते जाता है तो सामान्यता उसका रक्त का दाब–
    (a) बढ़ता है (b) घटता है
    (c) बदलता रहता है (d) उतना ही रहता है
15. मानव शरीर में विटामिन 'A' संचित रहता है–
    (a) यकृत में (b) आमाशय में
    (c) तिल्ली में (d) उदर में
16. रक्त का थक्का बनने में किस विटामिन की आवश्यकता होती है?
    (a) विटामिन C (b) विटामिन K
    (c) विटामिन E (d) विटामिन D
17. मानव शरीर में सबसे छोटी अन्त:स्रावी ग्रंथि कौन-सी है?
    (a) एड्रीनल (b) थायरॉइड
    (c) पैन्क्रियाज (d) पिट्यूटरी

प्रैक्टिस पेपर 7

# यू.के.पी.एस.सी. (प्रारंभिक परीक्षा)
## सामान्य अध्ययन (प्रथम प्रश्नपत्र)

1. भारतीय वन्य जीव संस्थान कहाँ स्थित है?
   (a) देहरादून (b) नागपुर
   (c) अर्नाकुलम (d) कलकत्ता
2. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये–
   (A) आंध्र प्रदेश — 1. सिमलीपाल
   (B) असम — 2. सरिस्का
   (C) उड़ीसा — 3. पबितोरा
   (D) राजस्थान — 4. शेष चेलम
   कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

3. पूर्व से पश्चिम की ओर पर्वत शिखरों का सही क्रम है–
   (a) कंचनजंगा, धौलागिरि, नंदा देवी, नंगा पर्वत
   (b) धौलागिरि, कंचनजंगा, नंदा देवी, नंगा पर्वत
   (c) कंचनजंगा, धौलागिरि, नंगा पर्वत, नंदा देवी
   (d) नंगा पर्वत, नंदादेवी, धौलागिरि, कंचनजंगा
4. पूर्व से पश्चिम की ओर पर्वतीय दर्रों का सही क्रम है–
   (a) नाथू ला, नीति ला, बोमडिला, जोजिला
   (b) बोमडिला, नाथू ला, नीति ला, जोजिला
   (c) नाथू ला, जोजिला, नीति ला, बोमडिला
   (d) जोजिला, बोमडिला, नाथू ला, नीतिला
5. निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है?

| | दर्रे | राज्य |
|---|---|---|
| (a) | पाल घाट | तमिलनाडु |
| (b) | जेलेप ला | सिक्किम |
| (c) | शिपकि ला | हिमाचल प्रदेश |
| (d) | माना दर्रा | जम्मू कश्मीर |

6. यमुना की सहायक नदी नहीं है–
   (a) बेतवा (b) केन
   (c) सिंध (d) सोन
7. समुलित कीजिये

| समुद्री बंदरगाह | राज्य |
|---|---|
| (A) पारादीप | 1. आंध्रप्रदेश |
| (B) काकीनाडा | 2. उड़ीसा |
| (C) सागर | 3. पश्चिम बंगाल |
| (D) कांडला | 4. गुजरात |

   कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 3 | 2 | 1 | 4 |
| (c) | 2 | 1 | 3 | 4 |
| (d) | 4 | 3 | 2 | 1 |

8. निम्न में से कौन-सी नदी गंगा के बाँए तरफ से नहीं मिलती है?
   (a) गोमती (b) घाघरा
   (c) सोन (d) महागंगा
9. निम्न में से कौन-सी नदी गंगा के बाँए तरफ से नहीं मिलती है?

| राजमार्ग | राज्य |
|---|---|
| (A) NH 3 | 1. राजस्थान |
| (B) NH 31 | 2. असम |
| (C) NH 15 | 3. राजस्थान |
| (D) NH 47 | 4. तमिलनाडु |

   कूटः

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (a) | 1 | 2 | 3 | 4 |
| (b) | 2 | 3 | 1 | 4 |
| (c) | 3 | 4 | 2 | 1 |
| (d) | 4 | 3 | 1 | 2 |

10. राजघाट परियोजना किस नदी से संबंधित है?
    (a) केन (b) बेतवा
    (c) गंगा (d) नर्मदा
11. पन्ना बांध क्षेत्र से कौन-सी नदी बहती है?
    (a) केन (b) बेतवा
    (c) सिंध (d) यमुना

## डी.एल.पी. बुकलेट्स की विशेषताएँ

- आयोग के नवीनतम पैटर्न पर आधारित अध्ययन सामग्री।
- पैराग्राफ, बुलेट फॉर्म, सारणी, फ्लोचार्ट तथा मानचित्र का उपयुक्त समावेश।
- विषयवस्तु की सरलता, प्रामाणिकता तथा परीक्षा की दृष्टि से उपयोगिता पर विशेष ध्यान।
- क्विक रिवीजन हेतु प्रत्येक अध्याय में महत्त्वपूर्ण तथ्यों का संकलन।
- प्रत्येक अध्याय के अंत में विगत वर्षों में पूछे गए एवं संभावित प्रश्नों का समावेश।

**Website : www.drishtiIAS.com**
**E-mail : online@groupdrishti.com**

DrishtiIAS
YouTube Drishti IAS
drishtiias
drishtithevisionfoundation

**641, First Floor, Dr. Mukherjee Nagar, Delhi-110009**
**Phones : 011-47532596, +91-8130392354, 813039235456**